हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

12 तीन प्राथमिक स्कूलों के छात्रों ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



12 सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

## खबर संक्षेप

### ओवरब्रिज पर ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**महासमुंद।** नगर के ओवरब्रिज में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। प्रार्थी चंद्रहास चंद्राकर पिता जोहनलाल चंद्राकर (40) निवासी कुर्मीपारा ने पुलिस को बताया कि ओवरब्रिज ढलान के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमजे 6377 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उसकी कार सीजी 04 एफजे 2096 को पीछे से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शराब जब्ती के दो मामले

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में शराब जब्त करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने पहले मामले जंघोरा पुल के पास आरोपी विकास सिंह ठाकुर पिता संतोष सिंह (51) निवासी मंदिर चौक पिथौरा के पास से 14050 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 6500 रुपए को जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम सोनासिल्ली एवं दुरुगपाली के बीच आरोपी अमित बाघमारे पिता दुलरवा (28) निवासी पचरी थाना पटेवा के पास से 1800 एमएल देशी शराब, कीमत 800 रुपए को जब्त किया है। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) के तहत कार्रवाई की गई है।

### दो आरोपियों से शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सलखंड नाला के पास आरोपी जयवन पिता गनपत सिदार (28) निवासी सलखंड के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए और ग्राम अखराभांठा में आरोपी रमेश रात्रे पिता ईश्वर रात्रे के पास से 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त किया गया है। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### मवेशियों की तस्करी, दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने मवेशियों की तस्करी करने के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए 10 बछड़ों को छुड़ाया है। पुलिस ने बताया कि झलप चौक बागबाहरा में आरोपी अभिलाष साहू पिता चुरामन साहू (23) निवासी ग्राम बरबसपुर रानीतराई दुर्ग व एक अन्य बोलेरो पिकअप वाहन में 10 बछड़े को क्रूरतापूर्वक वाहन में भरकर परिवहन कर रहे थे। मामले में आरोपियों के खिलाफ 4, 6, 10, 11 छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### बिजनेस पार्टनर से ठगी, ब्लैकमेलिंग

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक कारोबारी ने दूसरे कारोबारी के खिलाफ निजी न्यूज चैनल का ब्यूरो हेड बनाने का झांसा देकर डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही पैसा वापस मांगने पर उनके मोबाइल से निजी जानकारी हासिल कर ब्लैकमेलिंग करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक विजय अग्रवाल ने मनोज अग्रवाल के खिलाफ ठगी तथा ब्लैकमेलिंग करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### हिसाब की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ हिसाब की बात को लेकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक प्रियदर्शनी नगर निवासी अशोक कुमार वर्मा ने भरत त्रिवेदी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अशोक ने पुलिस को बताया है कि भरत ने हिसाब की बात को लेकर उसके साथ मारपीट की।

# केंद्रीय बजट : विकसित भारत की कल्पना को साकार करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश के राजस्व, खेल कुद, युवा कल्याण एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा ने स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा के दौरान गुरूवार को संसद में प्रस्तुत वर्ष 2023–24 केन्द्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सन-2047 तक विकसित भारत की कल्पना को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में एक ओर जहां विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से विकास की बात को ध्यान में रखा गया है, वहीं दूसरी ओर समाज के हर तबके व वर्ग की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बजट में प्रावधान रखा गया है। युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रूपये का फंड रोजगार के 55 लाख नए अवसर, पांच साल में 2 करोड़ अतिरिक्त आवास, 9 से 14 आयु वर्ग की लड़कियों का मुफ्त टीकाकरण किया जावेगा।



वहीं तीन नए रेल कारिडोर की शुरूवात, छोटे शहरों में मेट्रो का विस्तार, 517 हवाई मार्ग तय किये जाएंगे, पर्याप्त निर्माण, वंदेभारत मानकों के अनुरूप 41 हजार रेल डिब्बे का निर्माण होगा। सौर ऊर्जा वाले घरों में 300 यूनिट फ्री बिजली, मीडिल क्लास के लिए नई आवास योजना, झुग्गी में रहने वालों के लिए योजना, आंगनबाड़ी केन्द्रों का अपग्रेडेशन, डेयरी किसानों को बढ़ावा, नैनो युरिया का दायरा बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य सुविधा में विस्तार के लिए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज बनाने पर जोर दिया गया है।

## भाजपा-कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पर दीं अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं

### सिर्फ निराशा हाथ लगी : सुरेंद्र शर्मा

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट से वैसे तो खास उम्मीद नहीं थी, किंतु प्रस्तुत होने के बाद और निराशा जनक प्रतीत हो रहा है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार चार वर्ण की बात कर रहे हैं, जिसमें किसान, महिला, गरीब और युवा को उन्होंने वर्गीकृत किया है। इससे लगता था इस बजट में किसानों को कोई न कोई तोहफा मिलेगा जैसे लागत पर आधारित न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा होगी पर सिर्फ निराशा हाथ लगी। सुरेंद्र शर्मा ने कहा की युवाओं के लिए भी कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया। नया स्टार्टअप भारी तादात में असफल रहे हैं। बेरोजगारी दर आज सबसे ज्यादा है, शिक्षित बेरोजगार के सामने रोजगार का संकट है पर ये बजट उन्हें भी सिर्फ निराश ही करेगा। महिलाओं के संबंध में बोलते हुए सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को उज्ज्वला गैस सिलेंडर दिया गया है पर गरीबी की शिकार ये बहने बारह सौ का सिलेंडर कैसे भरवा पाएंगी, जबकि अधिकांश भाजपा शासित राज्यों ने पांच सौ में सिलेंडर देने का वादा किया है फिर भी सरकार ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया उन्हें भी निराशा हाथ लगी है।



महंगाई पर रोक लगाने कोई कदम नहीं: सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि गरीबों की हालत यह है कि अस्सी करोड़ लोगों को राशन मुफ्त देना पड़ रहा है, इसका मतलब है कि उनके पास खाने की व्यवस्था भी नहीं है। देश हंगर इंडेक्स में बहुत नीचे पायदान पर है। गरीबों को आत्मनिर्भर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### सर्व समावेशी और सर्व कल्याणकारी है बजट : अशोक जैन

अशोक जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार ने बजट को वर्ष 2023–24 का केन्द्रीय बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट ठहराते हुए कहा है कि बजट में भारत के सर्वांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहे हैं। केंद्र ने हमेशा राज्यों को बड़ी मदद दी है। इस बार भी बजट में राज्यों के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है, जो स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ को भी इसका लाभ मिलेगा। भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक झंडा गाड़ दिया है। मोदी सरकार ऐसे कई और रिकॉर्ड बनाने के लिए संकल्पित है, इसीलिए रिसर्च के कार्य के लिए भी 1 लाख करोड़ का प्रावधान स्वागत योग्य है। एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त सोलर बिजली दिए जाने से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी एक बड़ी तेजी दिखने के साथ गरीबों को अपनी छत मिलने से उनके जीवन का बड़ा सपना साकार होगा। 1 करोड़ करदाताओं को उनके 10 वर्षों से लंबित 10 हजार तक के टैक्स से माफी एक एतिहासिक कदम है। भारत के आर्थिक हालातों में 10 वर्षों में हुए बदलावों पर श्वेत पत्र जारी करने की घोषणा बताती है कि मोदी सरकार परफॉर्मेंस में कितना विश्वास रखती है। यह बजट विकसित भारत की नींव मजबूत करने की गारंटी है।



### मायाजाल के जरिए ठगने वाला बजट : शैलेश नितिन

कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शैलेस नितिन त्रिवेदी ने वर्ष 2023–24 के संसद में प्रस्तुत केन्द्रीय बजट को आम जनता के लिए घोर निराशा जनक ठहराते हुए कहा है कि बजट से चंद पूंजीपतियों को लाभ मिलेगा। बजट में किसानों, नवयुवकों, महिलाओं तथा मध्यम वर्ग के हितों के लिए कुछ भी प्रावधान नहीं है। बजट से बेलगाम मंहगाई, बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिक असमानता, दूर होने के बजाय और बढ़ेगी। बजट में पेट्रोल डीजल के दाम कम करने के कोई कदम नहीं उठाया गया है। इसी तरह बैंक की बढ़ती ब्याजदर पर अंकुश नहीं लगाने से मध्यम वर्ग की परेशानी और बढ़ेगी। उन्होंने बजट को चुनावी बजट ठहराते हुए लोगों को सिर्फ आंखों के मायाजाल के जरिए ठगने वाला बजट निरूपित करार दिया है।



## फैसला : नाबालिग को सजा देने के लिए पॉक्सो एक्ट में किया गया संशोधन

# बच्ची की हत्या व रेप, नाबालिग समेत 3 दोषियों को आजीवन करावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में 7 साल की बच्ची से रेप और हत्या के मामले में जिला सत्र न्यायालय ने 3 लोगों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इनमें एक महिला और उसका नाबालिग बेटा भी शामिल हैं। प्रदेश में यह पहला मामला है, जब किसी नाबालिग को आजीवन कारावास की सजा हुई है।

इस मामले की सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रशांत पराशर के कोर्ट में हुई। कोर्ट ने इसे रेयर केस माना। इसके बाद बुधरा बाई, उसके नाबालिग बेटे और पड़ोसी दोस्त मुकेश उर्फ जगमोहन को दोषी माना है। इन लोगों ने हत्या के बाद बच्ची के शव को कुएं में फेंक दिया था।

विदित हो की कोतवाली क्षेत्र निवासी 7 साल की बच्ची 26 मई 2021 को अपने पड़ोसी सहेली के घर खेलने गई थी। जब वह शाम तक घर नहीं लौटी, तो उसके माता-पिता ने तलाश शुरू की। दूसरे दिन बच्ची का शव पड़ोस की एक बाड़ी के कुएं में मिला।

### सहेली का भाई ले गया था खींचकर

बच्ची अपनी सहेली के घर खेलने गई थी। वहां सहेली का नाबालिग भाई उसे खींचकर घर के दूसरे छोर में बने बाथरूम में ले गया। इसके बाद दुष्कर्म किया। जब बच्ची बेहोश हो गई तो उसका गला दबा कर मार दिया। इसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए अपने साथी जगमोहन को बुलाया। विवेचना अधिकारी महेश कुमार ध्रुव निरीक्षक और बलौदाबाजार एसडीओ सुभाष दास ने आरोपियों को खिलाफ मामला पेश किया। कोर्ट के सामने 29 गवाहों का बयान दर्ज कराया गया। बयानों, बचाव पक्ष और आयोजन पक्ष के दलीलों को सुनने के बाद रेप और हत्या साबित हुई।



### पॉक्सो एक्ट में किया गया है संशोधन

लोक अभियोजक समीर अग्रवाल ने बताया कि, अपराध की स्थिति को देखते हुए पॉक्सो एक्ट में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब 16 साल के नाबालिग पर भी वयस्क की तरह केस चल सकेगा। हालांकि शर्त यह है कि मानसिक रूप से नाबालिग स्वस्थ होना चाहिए।

### रस्सी से बंधे थे बच्ची के हाथ-पैर

कुएं में शव देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। शव बाहर निकाला गया तो पता चला कि उसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए थे। नाक से खून निकल रहा था। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर की और पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### पोस्टमॉर्टम में रेप और हत्या का खुलासा

पुलिस ने बच्ची के शव का शॉर्ट पोस्टमॉर्टम कराया तो दुष्कर्म और उसके बाद गला दबाकर मारने की पुष्टि हुई। इसके बाद ही बच्ची के हाथ-पैर बांधकर कुएं में फेंका गया। मामले की जांच के लिए रायपुर से भी फोरेंसिक टीम को बुलाया गया था।

## बगैर अनुमति डीजे बजाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बगैर अनुमति डीजे बजाने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालकों पर कार्रवाई करने जिला प्रशासन ने टीम गठित की है। यह टीम ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं मल्टी टोंड हॉर्न, प्रेशर हॉर्न के साथ–साथ डीजे के विरूद्ध जब्तीकरण की कार्यवाही की कार्रवाई करेगी। विदित हो कि विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा, वृद्धजनों, निःशक्तजनों, रोगियों आदि की बाधा एवं लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम–1985 की धारा 4 एवं धारा 5 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने जिले की सीमा के अंतर्गत बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटिशन कमांक 72-98 (सी) ऑफ 1998 एवं सिविल अपील क्रमांक 3735 ऑफ 2005 में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु दिये गये निर्देश तथा छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के पत्र क्रमांक एफ 04–07, 2015, 32 दिनांक 28. दिसंबर 2015 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं मल्टी टोंड हॉर्न, प्रेशर हॉर्न के साथ–साथ डी.जे. के विरूद्ध जब्तीकरण की कार्यवाही किये जाने तथा सम्यक जांच एवं जागरूकता अभियान चलाने निम्नांकित अधिकारियों का ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ जिला प्रशासन ने जांच दल में ब्लॉक से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों को किया शामिल

## पोताई के अभाव में आंबा केंद्र हुआ बदरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम रावन के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 5 में लगभग 12 वर्षों से पोताई रंगरोहन नहीं होने से भवन की शक्ल बदल गई है। कार्यकर्ता केवरा वर्मा ने बताया बताया कि यह केंद्र ग्राम का सबसे पुराना केंद्र है, जो लगभग 2008 से संचालित है। भवन बनने के बाद केवल एक ही बार पोताई हुई है। ग्राम रावन के सरपंच, अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट केसीएस आरके अधिकारी, आंगनबाड़ी पर्ववेक्षक आदि को कई बार बोल चुके हैं। लेकिन ध्यान नहीं दे रहे हैं। सहायिका अमरीका वर्मा ने बताया कि आज पास के लोग पोताई के लिए बोलते हैं तो हमें खराब लगता है। इसलिए अपने पैसा लगाकर चुने से बाउंड्री को कुछ कमरे के बाहर आदि की समय समय पर पोताई करते हैं। वेतन भी सही समय पर नहीं मिलता है। बहुत परेशानी होती है। 26 बच्चे दर्ज संख्या हमारे आंगनबाड़ी में है। रंगरोहन का कार्य जल्दी हो ताकि बच्चे अधिक संख्या में और आए।



सरपंच प्रतिनिधि संतराम ने बताया कि हमारे पास आंगनबाड़ी क्रमांक 5 से रांगरोहन संबंधित कोई जानकारी नहीं आई है। परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ब्लॉक सिमगा के श्रेष्ठ संभवलकर ने फोन पर पर बताया कि रंगरोहन आर ई एस या मनरेगा के माध्यम से ▶▶ शेष पेज 11 पर

### मुंडा बस्ती पारा में आज से नवधा रामायण

मूंडा। ग्राम मुंडा के बस्तीपारा में 2 से 11 फरवरी तक अखंड नवधा रामायण समारोह रखा गया है। इसमें प्रत्येक मानस मंडली को 301 रुपए श्रद्धासुमन राशि दी जाएगी। वहीं 10 फरवरी को प्रतियोगिता कार्यक्रम होगा। आयोजन समिति के सोहन लाल वर्मा, प्रवीण कुमार पांडे ने बताया पहला ईनाम 11 हजार रुपए एवं शील्ड बृजभूषण पांडे द्वारा, दूसरा 9 हजार रुपए एवं शील्ड विकास अग्रवाल द्वारा तीसरा इनाम 7 हजार रुपए एवं शील्ड भावेश तिवारी द्वारा ▶▶ शेष पेज 11 पर

## 80 लीटर महुआ शराब जब्त, 3 युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम गणेशपुर में नाला किनारे महुआ की शराब बनाने वाले तीन लोगों को पुलिस ने दबोच लिया। उनके कब्जे से कुल 80 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।थाना प्रभारी परिवेश तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार 31 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम गणेशपुर में नाला के पास घेराबंदी कर तीन व्यक्तियों को पकड़ा। इसमें याकुब मसीह पिता सरूप मसीह 35 वर्ष, रिशब मसीह पिता संजय मसीह 28 साल, प्रिंस लाल पिता युनस लाल 27 साल साकिनान गणेशपुर से तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 8 डिब्बों में 80 लीटर हाथ भठ्ठी से बना कच्ची महुआ शराब मिली। तीनों आरोपियों को पुलिस ने धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया है।



## ठेकेदार की लापरवाही पर नगरवासियों ने उठाए सवाल

# नगर की अधूरी नालियां दे रही दुर्घटनाओं को आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर की सभी नालियों को जोड़कर एक नाले के रूप में शिवनाथ नदी तक फिल्टर प्लांट में समस्त नालियों का साफ पानी शिवनाथ नदी में गिराया जा रहा है। सिमगा नगर की संपूर्ण गंदगी को नालियों के माध्यम से किसी एक नाले में जोड़कर पूरे पानी को फिल्टर प्लांट में सफाई के लिए ले जाने अनेक नालियों का निर्माण कर ठेकेदार आरपीजी इंटरफैक्चर कंपनी द्वारा करोड़ों की लागत से किया जा रहा है। उपरोक्त संदर्भ में सीएमओ यशवंत वर्मा का कहना है कि संपूर्ण नाली निर्माण का कार्य जगदलपुर के ठेकेदार को दिया गया है। जिसका नगर पंचायत से कोई लेना–देना नहीं है, उसके द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी भी हमारे पास उपलब्ध नहीं है। दुर्घटना के संदर्भ में जानकारी प्राप्त हुई है ठेकेदार से कहकर अथवा नगर पंचायत के माध्यम से उसे नाली के ऊपर स्लैब डलवा दिया जाएगा। उपरोक्त संदर्भ में नाली निर्माणकर्ताओं से बात की गई। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ मजदूर हैं, देखरेख कोई और करता है। ठेकेदार का यहां आना नहीं होता। विचारणीय स्थानों पर खुला छोड़ दिया गया है, जिसकी वजह से मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक जाम होता है तथा दुर्घटनाएं होते रहती है। इस गड्ढे में यदि दुर्भाग्य से किसी गाड़ी का चक्का अगर फंस जाए तो बड़ी दुर्घटना निश्चित है।

### एक कार नाली में फंसते बची बड़ी दुर्घटना टली

उनके द्वारा बनाई गई नालियों को अनेक स्थानों पर खुला छोड़ दिया गया है, जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। विगत दिनों एक मोटरसाइकिल सवार भी इसी नाली में गिर गया था। वर्तमान में बुधवार की रात बेमेतरा तिराहा में एक स्कॉर्पियो नाली के अंदर घुसते हुए बच गई, जिससे बड़ी दुर्घटना होते–होते टल गई। अनेक बार नागरिकों एवं द्वारा पार्षदों द्वारा नगर पंचायत में उपरोक्त समस्या के निदान के लिए कहा गया था, किंतु अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## ताइक्वांडो स्पर्धा में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

रायपुर। 5वीं गोल्ड कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रायपुर की टीम कोच कैलाश सिका, मनीष साहू, पूनम के नेतृत्व में शामिल हुई। इसमें गोल्ड मेडल निखिल साहू, हर्षिका साहू, भाग्यश्री साहू, श्रेया, समीर कुमार ने जीता। सिल्वर मेडल प्रज्वल पाल, कुणाल वर्मा, नीतेश सिका, ओम शर्मा, ट्वींकल यादव, प्रिया ध्रुव ने अपने नाम किया। कांस्य पदक मधुरिमा निषाद, रूचिका केवट, जयंत साहू, अर्घदीप घोष, आयुष पराये, अनिल विश्वकर्मा, करण सिका, अगम्यजोत सिंह ने जीता। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव प्रकाश भारती ने बताया कि स्पर्धा में आकृति शर्मा, साक्षी साहू, रितिका साहू, इशु साहू, नव्या परगनिहा, निधि परगनिहा, अरिहंत परगनिहा, मनोज सारंग, पवन पांडेय, मंथन दहाले, सोम सिंह, सुहाना देवांगन, आयुष बहाबल का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

## ध्वनि प्रदूषण के प्रति लोगों को किया जागरूक




रायपुर। क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल की ओर से ध्वनि प्रदूषण के प्रति जागरुकता लाने राजधानी के विभिन्न जगहों पर पंपलेट बांटे गए और लोगों को इसके प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम आकाशवाणी, व्हाइट हाउस नगर निगम, मरीन ड्राइव, बीपीओ ऑफिस कलेक्ट्रेट में किया गया। लोगों को शपथ दिलाई गई कि निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही ध्वनि का उपयोग करें। जब सब लोग समाज को ध्वनि प्रदूषण से मुक्त रखने का प्रयास करेंगे तो समाज सुंदर और स्वस्थ होगा। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग से सुजाता शुक्ला, डॉ. सोनल शर्मा, डॉ. आशिमा शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता में छग बना चैंपियन



रायपुर। 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 के तहत बालक-बालिका 14 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बेसबॉल मैच में छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में जीत हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में दिल्ली को हराकर यह उपलब्धि हासिल की है। प्रतियोगिता में बालक, बालिका 14 एवं 19 आयु वर्ग में दिल्ली की टीम उपविजेता रही। इसी प्रकार बालक 19 वर्ष में महाराष्ट्र तीसरे, मध्यप्रदेश चतुर्थ, बालिका 19 वर्ष आयु में महाराष्ट्र तीसरा, चंडीगढ़ चतुर्थ, बालक 14 वर्ष में सीबीएसई तीसरा, महाराष्ट्र चतुर्थ और बालिका 14 वर्ष में चंडीगढ़ तीसरा व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रहा।

## केंद्रीय जेल में देशभक्ति गीत और भजन की प्रस्तुति



रायपुर। गणतंत्र दिवस एवं राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में केंद्रीय जेल में बंदियों ने देशभक्ति गीत और राम भजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम शुभम शिक्षण एवं कला संस्थान की ओर से विगत दिनों आयोजित किया गया। बंदी भाइयों ने गीत और भजन की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुंध कर दिया। कार्यक्रम डीआईजी एसएस तिग्गा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष महुआ मजूमदार ने कहा कि अपने अच्छे कार्यों से जल्द से जल्द रिहा होकर अपने भविष्य को उज्वल बनाए। कार्यक्रम में एसके धर, पार्थो सरकार, उर्मिला देवी, डॉ. गोपाल शर्मा सहित संस्था के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में मंच संचालन लक्ष्मीनारायण लाहोटी ने किया।

# नगर निगम की 100 दुकानें डंप, 34 करोड़ का नुकसान, किराये के विकल्प पर विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

शहर में आधा दर्जन इलाकों में नगर निगम द्वारा बनवाई गई 100 दुकानें नहीं बिकने से निगम को 34 करोड़ का नुकसान हो रहा है। दुकानों को बेचने के लिए बाजार विभाग की ओर से कई बार टेंडर किए गए, पर प्रापर रिस्पांस नहीं मिलने से दुकानें खाली पड़ी हैं। इन दुकानों के मेंटनेंस में निगम का पसीना छूट रहा है। ऐसे में सालों से वीरान पड़ी इन दुकानों को बेचने की जगह किराये पर देने की तैयारी है। इसके लिए नीति तय करने शासन के पास प्रस्ताव भेजा गया है।

### बेचने के लिए दर्जनों बार टेंडर, रिस्पांस नहीं मिला

#### मेंटनेंस पड़ रहा भारी, सालों से रत्तीभर कमाई नहीं

| दुकान का लोकेशन | दुकानों की संख्या | टेंडर |
|---|---|---|
| मंगलम समता कालोनी | 10 | 18 |
| महोबाबाजार | 14 | 18 |
| गांधी मैदान | 55 | 18 |
| मल्टीलेवल पार्किंग | 1 | 7 |
| जवाहर बाजार | 16 हाल | 12 |



#### रेंट पालिसी के लिए भेजा है प्रस्ताव

दुकानों की रेंट पालिसी शासन द्वारा निर्धारित की जाती है। निगम ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है। बहुत सी दुकानें 30 साल की लीज पर लेने के लिए लोग तैयार नहीं होते, इसलिए इसे किराये पर देने की योजना बनाई गई है।

*- एजाज ढेबर, महापौर नगर निगम रायपुर*

आमदनी अठन्नी खरचा रुपैया की तर्ज पर तंगहाली से जूझ रहा रायपुर नगर निगम अब अपनी पुरानी दुकानों को किराये पर देगा। यह निर्णय शहर के आधा दर्जन इलाकों की बेशकीमती जमीन पर करोड़ों खर्च कर बनाई 100 दुकानों के नहीं बिकने के कारण लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक अग्रसेन चौक के मंगलम कांप्लेक्स, गांधी मैदान, महोबाबाजार, जवाहरबाजार और मल्टीलेवल पार्किंग परिसर स्थित दुकानों को बेचने के लिए बाजार विभाग से दर्जनभर से ज्यादा बार टेंडर निकाला गया। रेट ज्यादा होने और दुकान की बनावट को लेकर यह दुकानें बिक नहीं पा रही हैं। इससे निगम के बाजार विभाग को 34 करोड़ का नुकसान हो रहा है।

### आग की चपेट में आने से तीन दोपहिया भी जलकर खाक

# चार्जिंग के दौरान ई-व्हीकल में ब्लास्ट से घर में आग, सात में से तीन लोग झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के संतोषी नगर में एक डॉक्टर के यहां ई-व्हीकल में चार्जिंग के दौरान ब्लास्ट होने से दो मंजिला मकान में आग लग गई और पार्किंग में खड़ी तीन अन्य दोपहिया आग की चपेट में आकर राख के ढेर में तब्दील हो गईं। इसके साथ घर में उपस्थित सात में से तीन लोग आग की चपेट में आने से झुलस गए। घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना बुधवार तड़के चार से पांच बजे के बीच की बताई जा रही है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

■ घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के संतोषी नगर की

पुलिस के मुताबिक कृष्णानगर निवासी डॉ. फैजान खान के घर में रखी ई-व्हीकल में ब्लास्ट की घटना हुई है। डॉ. खान का दो मंजिला मकान है, जिसमें उनके बुजुर्ग माता-पिता के साथ पत्नी बच्चे सहित सात लोग रहते हैं। पूछताछ में डॉ. खान ने पुलिस को बताया है कि मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक से डेढ़ बजे के करीब वे अपनी ओला ई-स्कूटर को चार्जिंग में लगाने के बाद सोने के लिए चले गए। डॉ. खान के मुताबिक तड़के उन्हें धमाके की आवाज सुनाई दी। इसके बाद वे नीचे उतरे, तो देखा घर के मेन दरवाजा से आग की लपटें उठ रही थीं।




#### सीढ़ी की मदद से घर से बाहर निकले

डॉ. खान के मुताबिक आग की लपटें इतनी ज्यादा थीं कि दरवाजे से बाहर निकलना मुश्किल था। घर के अंदर धुंआ भरने लगा। घर में रहने वाले लोगों के दम घुटने लगे थे। तब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम तथा डॉयल 112 की टीम ने घर में फंसे लोगों को सीढ़ी की मदद से नीचे उतारा और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए। आग से झुलसने वालों में डॉक्टर तथा उनकी पत्नी और मां शामिल हैं।

#### आग दूसरी मंजिल तक पहुंची

राहत की बात यह रही कि घटना के समय डॉक्टर के परिवार के सदस्य घर की दूसरी मंजिल के कमरे में सो रहे थे। पहली मंजिल में होने पर किसी भी तरह की अनहोनी घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू करने पहुंची, तो आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई थी। आगजनी की घटना से घर के खिड़की दरवाजे पूरी तरह से जल गए और कमरों में धुंआ भर गया।



#### लगातार होते रहे धमाके

पुलिस के अनुसार आग लगने की सूचना मिलने के बाद आधा घंटे के भीतर फायर ब्रिगेड तथा पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर पहुंचने में परेशानियों का सामना पड़ा। इसकी वजह डॉक्टर का घर गली के अंदर होना तथा गली के अंदर की सड़कों में वाहनों का पार्क होना है। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पहुंची, तब तक घर के अंदर पार्किंग में खड़े अन्य तीन वाहनों में रह रहकर ब्लास्ट हो रहे थे। इसके कारण फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## आरकेसी से प्रगति कालेज तिराहा मार्ग कहलाएगा रमेश नैयर मार्ग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के राजकुमार कालेज के सामने चौबे कालोनी मार्ग से प्रगति कालेज तिराहा मार्ग अब वरिष्ठ पत्रकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य हिंदी ग्रंथ अकादमी के पूर्व संचालक स्वर्गीय रमेश नैयर की स्मृति में होगा। यह मार्ग अब रमेश नैयर मार्ग कहलाएगा। निगम ने बुधवार को इस नाम की संकेतक वाली पट्टिका लगवा दी है।

■ महापौर के प्रस्ताव पर एमआईसी और सामान्य सभा ने किया था पारित

महापौर एजाज ढेबर के प्रस्ताव पर मेयर इन काउंसिल की बैठक और सामान्य सभा की बैठक में सर्वानुमति से पारित प्रस्ताव पर नगर निगम के संस्कृति विभाग के माध्यम से जोन 7 ने रमेश नैयर मार्ग नाम पट्टिका लगवाई है।

महापौर एजाज ढेबर, संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाश तिवारी ने स्वर्गीय रमेश नैयर द्वारा रायपुर सहित छत्तीसगढ़ राज्य की पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान को स्मरण किया है।

# तेलीबांधा चौक में लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने सर्विस रोड की लंबाई बढ़ाई जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के व्यस्त चौराहों में से एक तेलीबांधा चौक पर पीकअवर में लगने वाले जाम की स्थिति से निपटने के लिए बुधवार को ट्रैफिक पुलिस, एनएचएआई तथा नगर निगम के अफसरों ने चौक का निरीक्षण किया। चौक का निरीक्षण करने के दौरान अफसरों ने सर्विस रोड की लंबाई बढ़ाने के साथ पाथवे तथा आईलैंड की चौड़ाई कम करने का निर्णय लिया है। अफसरों के अनुसार सर्विस रोड की लंबाई बढ़ने से लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

■ विशाल नगर की सर्विस रोड की लंबाई आर्च ब्रिज तक बढ़ाई जाएगी

गौरतलब है कि तेलीबांधा के मेक इन इंडिया चौक पर पीकअवर में वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं। इसके कारण एक्सीडेंट की घटनाएं आए दिन घटित होती रहती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए एएसपी ट्रैफिक सचिंद्र कुमार चौबे, ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बैनर्जी सहित नगर निगम तथा एनएचएआई के अफसरों ने तेलीबांधा पहुंचकर ट्रैफिक स्मूथ करने विचार किया। ट्रैफिक स्मूथ करने रोड इंजीनियरिंग में बदलाव का निर्णय लिया गया।



#### इन जगहों की सर्विस रोड की लंबाई बढ़ेगी

- तेलीबांधा थाना के सामने जंक्शन स्थान पर वीआईपी टर्निंग की ओर से शहर प्रवेश करने वाले मार्ग के आईलैंड की चौड़ाई एवं पाथवे की चौड़ाई को कम किया जाएगा।
- विशाल नगर की ओर से आने वाले सर्विस रोड जो तेलीबांधा थाना तिराहा के सामने समाप्त हो गया है, उसे आगे बढ़ाते हुए रिंग रोड एक आर्च ब्रिज तक सर्विस रोड को बढ़ाया जाएगा।
- मिनोचा पेट्रोल पंप की ओर से आने वाले सर्विस रोड जो तेलीबांधा थाना तिराहा के पास समाप्त हो गया है, उसे अवंति विहार तिराहा तक आगे बढ़ाया जाएगा।

# सफाई कर्मचारियों के लिए तीन मंजिला कालोनी की योजना अटकी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा के नरहरेश्वर तालाब से लगी खाली जमीन पर सफाई कर्मचारियों के लिए पक्का आवास बनाने की योजना अटक गई है। शासन स्तर पर प्रस्ताव की स्वीकृति लंबित होने की वजह से नई कालोनी बसाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। 6 एकड़ जमीन पर 430 पक्के बहुमंजिला आवास बनाने की योजना रही।

■ टिकरापारा की स्वीपर कालोनी से हटाए गए लोगों को उसी स्थान पर बसाने की योजना

नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की टिकरापारा स्थित सालों पुरानी जर्जर कालोनी को खाली कराकर नगर निगम ने 430 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 साल पहले सिमरन सिटी मठपुरैना और वालफोर्ट सिटी भाठागांव में बनाए बीएसयूपी आवासीय परिसर में शिफ्ट किया था।

ये परिवार सालों से स्वीपर कालोनी में पीढ़ी दर पीढ़ी रहते आए, पर जर्जर कालोनी के छज्जे गिरने और दीवारों में सीपेज आने के कारण प्रभावित परिवारों से स्वीपर कालोनी खाली कराकर उसे जमींदोज कराया गया। कालोनी से हटाए गए 216 परिवारों को सिमरन सिटी मठपुरैना में निर्मित बीएसयूपी के पक्के आवास में शिफ्ट किया गया। इसी तरह 214 प्रभावित परिवारों को भाठागांव के वालफोर्ट सिटी में निर्मित पक्के आवास में व्यवस्थापन के तहत जगह दी गई।



#### एमआईसी ने पारित किया था प्रस्ताव

टिकरापारा की स्वीपर कालोनी हटाने के बाद करीब 6 एकड़ खाली जमीन पर नई कालोनी बसाने का प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल की बैठक में पारित किया गया। इसमें प्रभावित परिवारों को दोबारा टिकरापारा की प्रस्तावित नई स्वीपर कालोनी में शिफ्ट करने की प्लानिंग रही, पर शासन स्तर पर प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिलने से इस योजना पर अमल नहीं हो पाया।

## संक्रामक बीमारियों की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग, रायपुर जिले की आईडीएसपी टीम राज्य में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोना, पीलिया सहित 33 प्रकार की संक्रामक बीमारियों की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग कर प्रभावित लोगों को उपचार की सुविधा दिलाने के मामले में रायपुर जिले की आईडीएसपी की टीम राज्य में प्रथम स्थान पर है। सर्किट हाउस में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान सर्किट हाउस में टीम को पुरस्कृत किया गया है।

■ सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में हुए पुरस्कृत

मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में राज्य के सभी जिलों की आईडीएसपी शाखा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रायपुर जिले की टीम की अधिकारियों ने तारीफ की और बेहतर कार्यों के लिए राज्य में प्रथम स्थान देते हुए पुरस्कृत किया। रायपुर जिले की आईडीएसपी की टीम सूचीबद्ध बीमारियों के मामले लगातार निगरानी रखते हुए



शिकायत मिलने पर तत्काल राहत कार्यों की व्यवस्था के लिए कार्य करती है। यह रिपोर्टिंग उप स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर जिला अस्पताल तक की जाती है। रायपुर जिले द्वारा रिपोर्टिंग के सौ प्रतिशत में 90.03 लक्ष्य को पूरा करते हुए राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के आईडीएसपी शाखा के नोडल अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय, माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. जश्मी चंद्राकर, डाटा मैनेजर अभिषेक सिंह, सचिव सहायक भूपेन्द्र निर्मलकर तथा एनसीडी के कनिष्ठ सचिव पिंटू यादव को जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बधाई देते हुए भविष्य में भी सतत निगरानी करने निर्देशित किया है।

### कांग्रेस ने दी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

# अनिर्णय की स्थिति से बढ़ी नक्सली घटनाएं सरकार नक्सल नीति स्पष्ट करे : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जगरगुंडा थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा किये गये हमले में तीन जवानों की शहादत बेहद दुखद है। कांग्रेस पार्टी इन जवानों के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करती है तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। हमारे जवानों ने बड़ी बहादुरी से नक्सलियों का सामना किया। देश को इन जवानों की वीरता पर गर्व है। हमारी सरकार से मांग है कि सरकार अपनी नक्सलवादी




नीति स्पष्ट करे। सरकार के अनिर्णय की स्थिति के कारण प्रदेश में नक्सली गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, सरकार को डेढ़ महीने से अधिक हो गया है। अभी तक सरकार ने नक्सलवाद जैसे महत्वपूर्ण मसले पर अपनी कोई राय नहीं बना पाई है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने नक्सलवाद पर एक ठोस नीति बनाई थी, विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर आगे बढ़ी थी, जिसके सकारात्मक परिणाम आये।

राज्य में नक्सली गतिविधियों में 80 प्रतिशत तक की कमी आई थी। रमन राज में नक्सलवाद 15 जिलों तक पहुंच गया था। कांग्रेस सरकार के 5 सालों में बस्तर के सुदूर क्षेत्रों तक सिमट गया था। वर्तमान भाजपा सरकार के अनिर्णय के कारण राज्य में एक बार फिर नक्सली गतिविधियां बढ़ गई हैं।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा के गुरु घासीदास उद्यान के आसपास ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार सूर्यवंशी, मनोज कोसरे, गायाराम, राजाराम, चैती बाई, रामहीन बाई, संतोषी, क्रांति, मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### टोंगोपानीकला में मड़ई मेला का आयोजन

**महासमुंद।** बागबाहरा ब्लाक के ग्राम टोंगोपानी कला में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। एक अंतराल के बाद गांव में होने वाले इस मड़ाई मेला में लोगों की भीड़ उमड़ी। मड़ई को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। सभी के घरों में मेहमानों का तांता लगा रहा। फ्रेंड युवा संगठन समिति के लोग सुबह से ही मेला की तैयारी में जुटे हुए थे। शाम को यादव समाज के लोगों द्वारा मड़ई लेकर बाजे गाजे के साथ जैसे ही उनकी टोली निकली सभी आगंतुक व ग्रामीण शामिल झूम उठे। राउत नाचा में डंडा चाल का प्रदर्शन किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। लोगों ने मेले में आए सामानों की जमकर खरीददारी की। रात्रि कार्यक्रम में माया स्टार मनोहर मांझी आर्केस्ट्रा बलौदा बाजार ने अपनी प्रस्तुति दी। फ्रेंडस युवा संगठन समिति द्वारा गांव के बुजुर्ग का स्वागत सम्मान और अभिवादन किया गया।

### छोटेटेमरी स्कूल में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम हुआ

**बसना।** शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान पाठक गफ्फार खान ने उपस्थित समस्त माताओं को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। तत्पश्चात उपस्थित समस्त माताओं ने सरस्वती मां की पूजा अर्चना कर समस्त माताओं को कतार से खड़े कराकर कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों को वर्ण कार्ड, फल कार्ड, सब्जी कार्ड देकर बच्चों को कार्ड से संबंधित प्रश्न पूछा गया। सही उत्तर देने पर तालियां बजती थीं, जो बच्चे सही उत्तर नहीं दे पाते थे वो अपने मां के पास जाकर उत्तर के लिए मदद मांगते थे। इस प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला छोटेटेमरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम माह जनवरी का हुआ। कार्यक्रम में सुनीता प्रधान, नीलांद्री प्रधान, जयंती प्रधान, करिश्मा बेगम, राधिका भाई, सलमा बेगम, फरीदा बानो, संतोषिनी साव, विमला जगत, कामिनी प्रधान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश पटेल ने किया और आभार प्रदर्शन गफ्फार खान प्रधान पाठक ने किया।

### बोरसी में मड़ई कल

**मगरलोड।** ग्राम बोरसी में ग्रामवासियों के सहयोग से 3 फरवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी होच्चेटोला जिला बालोद का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी शोहित साहू ने दी है।

# केंद्र में अटके तीन सौ करोड़, अधूरी रह गई एमबीबीएस डाक्टर वाली हमर क्लीनिक की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

पंद्रहवे वित्त आयोग में स्वीकृत दो किस्तों के तीन सौ करोड़ रुपए अटकने की वजह से राज्य में एमबीबीएस डाक्टर की सुविधा वाली हमर क्लीनिक की योजना तीन साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। योजना के तहत राज्य में 364 हमर क्लीनिक खोले जाने थे, मगर पहले फेस में बनने वाले 182 क्लीनिक ही पूरी तरह नहीं खुल पाए हैं।

रायपुर समेत राज्यभर में अलग भवन बनाकर वहां हमर क्लीनिक का संचालन किया जाना था। योजना के तहत राज्य में 364 हमर क्लीनिक खोले जाने थे, जिसके लिए केंद्र सरकार द्वारा किस्तों में राशि राज्य सरकार को देनी थी। सूत्रों के मुताबिक वर्ष 2021-22 में पहली किस्त के रूप में डेढ़ सौ करोड़ रुपए जारी हुए, जिससे 182 हमर क्लीनिक का निर्माण किया जाना था। इसके लिए जगह का चुनाव कर भवन निर्माण का कार्य सीजीएमएससी के माध्यम से पूरा कराया जाना था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है, इसलिए कई स्थानों में प्राथमिक उपचार देने वाले केंद्र का संचालन उधारी के भवनों में पूरा किया जा रहा है।

योजना के तहत हमर क्लीनिक के लिए पांच स्टाफ एक चिकित्सक, एक नर्सिंग स्टाफ, एक मेल एमपीडब्ल्यू, एक डेटा एंट्री आपरेटर तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति भी की जानी थी। सूत्रों का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 तथा 2023-24 में दो किस्तों में तीन सौ करोड़ रुपए नहीं मिले, जिसके कारण यह योजना अब तक पूरी नहीं हो पाई है।

### शहरी इलाकों में बनने थे 364 हमर क्लीनिक पहले फेस के 182 भी नहीं बन पाए

#### पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे

रायपुर जिले में 76 की जगह पचास हमर क्लीनिक संचालित हो रहे हैं। इसमें 36 स्थानों पर एमबीबीएस डाक्टरों की नियुक्त की गई थी। कुछ समय तक सेवा देने के बाद दस डाक्टर पीजी की पढ़ाई अथवा अन्य कारणों से सेवा से दूर होते चले गए। अब केवल 26 स्थानों पर डाक्टर अपनी सेवा दे रहे हैं और शेष 24 हमर क्लीनिक का संचालन पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे किया जा रहा है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी का कहना है कि शासन द्वारा चिकित्सकों की भर्ती किए जाने से हमर क्लीनिक की कमियां दूर की जाएंगी।




#### सात दिन और चौबीस घंटे

योजना के तहत शहरी इलाकों में घर के समीप प्राथमिक उपचार की सुविधा देने के लिए शहरी उपस्वास्थ्य केंद्रों को हमर क्लीनिक का रूप दिया गया था। इसका संचालन सप्ताह के सात दिन और चौबीस घंटे दो वक्त की ओपीडी के साथ किया जाना था। यहां सर्दी-बुखार के इलाज के साथ बीपी-शुगर की जांच और आवश्यकता के मुताबिक निशुल्क दवा बांटना था। शुरुआती दौर में तो इसका संचालन नियमित रूप से किया गया, मगर बाद में योजना ठंडी पड़ती चली गई।

## देवपुरी में 7 साल से बकाया टैक्स नहीं पटाया, व्यावसायिक परिसर सील

# चेत नहीं रहे बड़े बकायादार, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, दुकानों को सीलबंद कर रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर 10 जोन के कमिश्नरों ने बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली करने ताबड़तोड़ अभियान चलाया है। बुधवार को शहर के अलग-अलग इलाकों में नगर निगम के बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली में कोताही बरतने पर 2 दर्जन दुकानों को सीलबंद करने कार्रवाई की गई। इसमें जोन 5 कमिश्नरी ने 8 साल का बकाया कर जमा नहीं करने पर 8 दुकानों को सील किया। देवपुरी में 7 साल के बड़े बकायादार के व्यावसायिक परिसर को बकाया राशि न देने पर सीलबंद किया गया।

नगर निगम जोन 5 के राजस्व विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर सुशील चौधरी के नेतृत्व और जोन सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू की उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के बकायादार मनोज पांडे की 8 दुकानों का वर्ष 2016-17 से 2023-24 तक बकाया राशि 9,81,989 रुपए भुगतान नहीं किए जाने पर इन 8 दुकानों को सील कर दिया। भक्त कर्मा माता वार्ड में बकायादार रीता मिश्रा की प्रापर्टी जिसमें ड्रीम इंडिया स्कूल और 4 दुकानें है, से वर्ष 2016-17 से 2023-24 तक बकाया राशि 7 लाख रुपए भुगतान में कोताही बरतने पर सीलबंद की कार्रवाई की गई। डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड में बकायादार ओमप्रकाश पटले का कुल बकाया 1,75,897 रुपए, शिवकुमार ताम्रकार कुल बकाया राशि 2,14,605 रुपए पर सीलबंदी की कार्रवाई से बचने भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया।

- जोन 5 में 8 साल के बकायेदार की 8 दुकानों को सीलबंद किया
- अलग-अलग जोन ने 2 दर्जन दुकानों को किया सील



### देवपुरी में 5 मंजिला परिसर सील

नगर निगम जोन 10 अमले बाबू जगजीवन राम वार्ड में देवपुरी स्थित संतोष भंडारी के आवासीय 5 मंजिला प्रतिष्ठान, व्यावसायिक परिसर को वर्ष 2017-18 से 2023-24 की बकाया राशि 16,27,501 रुपए भुगतान नहीं किए जाने पर सीलिंग कर पंचनामा नोटिस चस्पा किया गया। आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, उपायुक्त डॉ. आरके डोंगरे, जोन कमिश्नर दिनेश कोसरिया, राजस्व अधिकारी विवेकानंद दुबे, प्रणय ठाकुर, अनिल देवांगन की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।



### मोवा में दुकान सील

जोन 3 के राजस्व विभाग ने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के मोवा क्षेत्र में बकायेदार शिवशंकर अग्रवाल द्वारा बकाया राशि 1,89,797 रुपए का भुगतान नहीं किए जाने पर दुकान को सील किया गया। इसी तरह मंडी गेट पंडरी क्षेत्र में बकायादार गंगाराम लोधी द्वारा बकाया राशि 5,51,708 रुपए का भुगतान नहीं करने पर सीलबंदी की कार्रवाई की गई।

### शहीद स्मारक परिसर में 20 दुकानदारों से बकाया वसूली अभियान

जोन 2 की टीम ने शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर में 20 दुकानदारों से बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया। दुकान नंबर 122 के बकायेदार प्रभावीरा ने वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक 10 लाख रुपए का बकाया राशि भुगतान नहीं करने पर दुकान सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। 8 बकायादारों ने तत्काल बकाया राशि का भुगतान नगर निगम को कर दिया। इसी तरह शास्त्री बाजार थोक मार्केट में 5 दुकानदारों पर कार्रवाई की। बकाया न देने पर 4 दुकानों को सील कर दिया, एक दुकानदार ने पूर्ण बकाया राशि का भुगतान तत्काल कर दिया। जोन 6 की टीम ने शहीद पंकज विक्रम वार्ड क्षेत्र में 1,21,470 रुपए के बकायेदार राजकुमार जायसवाल, बबीता जायसवाल पर बकाया न देने पर सीलबंदी की कार्रवाई की। जोन 7 के शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड में वर्ष 2016-17 से बकायेदार इमामुद्दीन खान से बकाया राशि 6,95,992 रुपए का भुगतान नहीं मिलने पर सीलबंद की कार्रवाई की गई। इसी तरह जोन 8 के वीर सावरकर वार्ड में 2021-22 से 2023-24 तक के बड़े बकायादारों पर 11,11,050 रुपए भुगतान नहीं किए जाने पर कार्रवाई की गई। 2 स्थानों पर की गई कार्रवाई में एक बकायेदार की संपत्ति को सीलबंद किया गया, जबकि एक अन्य बड़े बकायादार ने बकाये राशि का तुरंत भुगतान कर दिया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश रूट प्रभारी बने उपाध्याय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव विकास उपाध्याय को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में छत्तीसगढ़ के लिए मार्ग रूट समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। जिम्मेदारी के मिलने के बाद एआईसीसी सचिव विकास उपाध्याय रायगढ़ के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट प्रभारी सुशांत मिश्रा के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों का मुआयना करेंगे। इसकी शुरूआत ओडिसा बॉर्डर कनकतोरा एवं रेंगालपाली पहुंचकर की। इसके बाद रायगढ़ में विधायक उमेश पटेल, रायगढ़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण मालाकार, शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला, चिकू अग्रवाल, विकास शर्मा, संगीता गुप्ता, आशीष शर्मा, बबलू बैराग, चारू शर्मा के साथ बैठक आयोजित कर मार्ग-रूट का जायजा लिया। इस अवसर पर अमन गिल, प्रकाश दास मानिकपुरी, अमित शर्मा मोंटा, गोलू कुशवाहा, कुलदीप ध्रुव, हर्षित जायसवाल, नीलकमल गिलहरे उपस्थित रहे।

- विकास उपाध्याय ओडिशा बॉर्डर कनकतोरा और रेंगालपाली पहुंचे

# गंदगी की बड़ी वजह स्ट्रीट डॉग्स सड़कों से हटाए नगर-निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गांधी सदन में शहर की स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बैठक ली। बैठक के दौरान महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारियों ने निगम कमिश्नर के समक्ष जनहित में कुछ अहम सुझाव दिए। मंडल के उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन ने कहा, विडंबना यह है कि शहर में आवारा कुत्तों की दहशत से आम आदमी को बचाने नगर निगम कुछ नहीं कर पा रहा है। जरूरत है, राजधानी की सड़कों से स्ट्रीट डाग्स को हटाने की। शहर में गंदगी की एक बड़ी वजह स्ट्रीट डॉग्स भी हैं, जो जहां-तहां गंदगी करते फिरते हैं। ऐसी गंदगी को सड़कों से साफ करने का कोई इंतजाम नहीं है। सड़कों से स्ट्रीट डॉग्स हटेंगे, तो सड़कें-गलियां बदबूदार गंदगी से भी मुक्त हो जाएंगी।

खेल समिति प्रभारी गीता दलाल के मुताबिक जब से छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का मुख्यालय तोड़कर वहां व्यावसायिक परिसर बनाया गया है, तब से उस क्षेत्र का समूचा बरसाती पानी शंकर नगर बाल वाचनालय-उद्यान में एकत्रित होने लगा है। नगर निगम के इस उद्यान का संचालन एवं रखरखाव महाराष्ट्र मंडल करता है। विगत कुछ वर्षों से पानी निस्तारी की समस्या गंभीर होने के कारण अब यह गार्डन उजाड़ होने की स्थिति में है। निगम के जोन अधिकारियों को गार्डन की दशा बताने और दिखाने के बाद भी इस दिशा में कुछ नहीं किया गया है, जबकि यहां सुबह-शाम आसपास के लोग मॉर्निंग, इवनिंग वॉक करने आते हैं। नगर निगम की ओर से बरसाती पानी को रोकने के लिए तत्काल नए सिरे से नाली बनाना आवश्यक है। इसके साथ ही गार्डन का रखरखाव भी बेहद जरूरी है।



- स्ट्रीट डॉग की गंदगी को साफ करने शहर में कोई इंतजाम नहीं
- एनजीओ के साथ हुई बैठक में महाराष्ट्र मंडल ने निगम को दिए सुझाव

### कचरा गाड़ी नियमित नहीं आती

महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने कहा कि शहर की अधिकतर कॉलोनी-मोहल्लों में कचरा उठाने वाली गाड़ी नियमित रूप से नहीं आती। इसके कारण लोग अपने घर का कचरा सार्वजनिक स्थानों पर फेंकते हैं। नगर निगम को न केवल कचरा गाड़ी की नियमित व्यवस्था करनी चाहिए, बल्कि सड़कों पर, गलियों पर सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वालों पर दंड का प्रावधान हो।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 30 बच्चों की हुई पतासाजी

**महासमुंद।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत जनवरी माह में चलाए गए अभियान में जिला पुलिस द्वारा विभिन्न राज्यों से 30 गुम बच्चों की खोजबीन कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरेपुंजे के निर्देशन तथा उपपुलिस अधीक्षक सारिका वैद्य के मार्गदर्शन में जिला महासमुंद के विभिन्न थानों से गुम हुए बालक बालिकाओं को ओडिशा राज्य से 03 बालिका, उत्तरप्रदेश से 04 बालिका, महाराष्ट्र राज्य से 01 बालिका, छत्तीसगढ़ से 01 बालक एवं 21 बालिकाएं कुल 30 बच्चों को आपरेशन मुस्कान के तहत खोजबीन किया गया। इसमें महासमुंद थाना में 5 बालिका, तुमगांव में 2 बालिका, खल्लारी में 1 बालिका, पिथौरा में 2 बालिका, पटेवा में 1 बालिका, सांकरा में 1 बालिका, बागबाहरा में 2 बालिका, तेंदुकोना में 3 बालिका, कोमाखान में 3 बालिका, सरायपाली में 1 बालिका, 1 बालक एवं 5 बालिका, 1 बालिका और में 2 बालिका के गुमशुदगी का प्रकरण दर्ज था।

# नगर निगम सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ के दुबे अध्यक्ष, सुमंगल उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम सेवा निवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ रायपुर की सामान्य सभा की बैठक रामसागर पारा स्थित शिव वाटिका में आयोजित की गई। इसमें नवीन पदाधिकारियों के निर्वाचन सहित अन्य प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। कर्मचारी कालोनी भैंसथान, रामसागर पारा स्थित बैठक में सर्वसम्मति से अरुण दुबे को अध्यक्ष और सुमंगल उपाध्याय को उपाध्यक्ष बनाया गया। सचिव डॉक्टर शिव शर्मा, सह सचिव उषा चौहान एवं कोषाध्यक्ष हरगोविंद जोशी बनाये गये। अध्यक्ष अरुण दुबे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश नकदीकरण, समूह बीमा, सामान्य भविष्य निधि एवं उपादान की बकाया राशि लगभग 13 करोड़ रुपए लंबित है। इस मुद्दे पर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल निगम आयुक्त से भेंट कर चर्चा करेगा। निगम आयुक्त से आग्रह करेगा कि अतिशीघ्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्त बकाया राशियों का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। सभा में कर्मचारी कल्याण संघ के कार्यकारिणी सदस्य का गठन किया गया, जिसमें शम्मी उल्लाह, प्रशांत चक्रवर्ती, संतोष परमाले, किशोरी लाल गुप्ता, पीके शेष, याकूब खान, कुलदीपक ठाकुर, अशोक आडिल, प्रभाकांत वैष्णव, कार्तिक मारकण्डे, किशोर वर्मा, मजहर खान, शेख कादिर, निरंजन राजपूत, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, हरनारायण शर्मा, दुर्गेश तिवारी बनाये गये।



- रामसागर पारा के शिव वाटिका में पदाधिकारियों का निर्वाचन

### राज्य में 142.23 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए अब धान खरीदी 4 फरवरी तक समर्थन मूल्य पर होगी धान खरीदी। शनिवार और रविवार को भी धान खरीदी की जाएगी। मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 142.23 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान उपार्जन के एवज में किसानों को 29 हजार 318 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। अब तक 24 लाख 51 हजार 28 किसानों से 31 जनवरी 2024 तक 142 लाख 23 हजार 702 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

## पेज 9 के शेष

### सिर्फ निराशा हाथ लगी

बनाने की दिशा में यह बजट कुछ नहीं कहता, इससे गरीब अपनी गरीबी का मातम मनाने के सिवा और कर भी क्या सकते हैं। पेट्रोल, डीजल के दाम पर कोई चर्चा नहीं, गरीबी दूर करने का कोई इंतजाम नहीं, महंगाई पर रोक लगाने की कोशिश नहीं, धनी और निर्धन के बीच बढ़ती खाई को पाटने की सोच नहीं, बुजुर्गों की यात्रा पर कोई छूट नहीं, मध्यम आय वर्ग को इनकम टैक्स में कोई सुविधा नहीं। देश की अस्सी प्रतिशत पूंजी बीस परसेंट लोगों के पास है और ये सरकार उन्हीं की तरफदार है।

### पोताई के अभाव ...

बनता है। राशि इन्हीं के पास आती है। रंगरोहन मेंटेनेंस में आ जाता है। हर 2 साल में एक बार करना पड़ता है। हमारे विभाग में इसका पैसा नहीं आता। उन्नयन की मांग जनपद से या अपने विभाग से करते हैं। सन 2018-19 में मेनटेंस के लिए 105 केंद्रों की राशि आई थी। सबका तो करा नहीं सकते थे, जिसकी ज्यादा आवश्यकता थी उन सबका रंगरोहन कराया गया। भवन संबंधित समस्या है, जिसकी सूचना संबंधित सचिव एवं सरपंच को दी जाती है। मानदेय सभी कार्यकर्ता एवं सहायिका सबको समय पर मानदेय मिल जाता है। कभी विलंब बैंकिंग सर्वर कारण हो सकता है। ग्रामीणों की मांग है कि आंगनबाड़ी केंद्र 5 का रंगरोहन मेंटेनेंस आदि कार्य शीघ्रता से किया जाए, ताकि छोटे-छोटे बच्चे अधिक संख्या में आए और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाये।

### बगैर अनुमति डीजे...

दल गठित किया जाता है। इसमें संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरीय निकाय शामिल होंगे। गठित दल अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) (संशोधित) नियम, 2010 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराते हुए समय–समय पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा कार्यवाही से प्रति सप्ताह अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

### मुंडा बस्ती पारा...

चौथा इनाम 5 हजार रुपए लवन थाना प्रभारी केसर पराग बंजारा द्वारा पांचवा इनाम 4 हजार कमलेश रजक गोपाल साहू परमेश्वर साहू द्वारा, छठवा 3500 रूपये जनपद सदस्य इंद्राणी वर्मा, सातवां 3100 रूपये राजेश साहू योगेश साहू, आठवां 2551 रुपए शिवम किराना स्टोर एवं कपड़ा दुकान, नौवा इनाम 2100 रुपए जवाहर वर्मा, दसवां 1500 रूपये स्वर्गीय गोपाल कृष्ण पांडे की स्मृति में, ग्यारवा 1201 रूपये महामाया वस्त्रालय लवन, बारहवां 1100 बृजलाल सेन द्वारा और तेरहवा इनाम 1000 रुपए चंद्रेश वर्मा ओमबती वर्मा द्वारा दिया जाएगा।

# सरिया-बरमकेला में प्रत्येक गुरुवार को लगेगा जनदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुड़पार-सरसींवा

कलेक्टर के एल चौहान जिले के सरिया क्षेत्र के दौरे पर रहे। सर्वप्रथम कलेक्टर ने सरिया तहसील कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आवेदकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी एवं निराकरण हेतु उन्हें आश्वस्त किया। कलेक्टर ने लोगों को जनदर्शन के आयोजन के संबंध में जानकारी दी, कलेक्टर ने कहा कि कलेक्टोरेट कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन होता है, लेकिन सरिया–बरमकेला क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए पृथक से प्रत्येक गुरुवार को जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा एवं सारंगढ़ एसडीएम श्री वासु जैन की उपस्थिति में आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि बरमकेला सरिया क्षेत्र से जिला मुख्यालय सारंगढ़ की दूरी को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों के आवागमन का खर्चा एवं उनके समय की भी बचत हो सके। आज सरिया में आयोजित इस जनदर्शन में कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 8 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इसके अलावा कलेक्टर ने सरिया क्षेत्र में खेल मैदान, उद्यान एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक भूमि का अवलोकन किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया, साथ ही सरिया में नवनिर्मित तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके पश्चात कलेक्टर सरिया के पुजेरीपाली स्थित भारत माता स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सारंगढ़ एसडीएम वासु जैन, परियोजना अधिकारी हरिशंकर चौहान, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार एवं प्राचार्य नरेश चौहान उपस्थित थे।

# इस बार ज्यादा दिनों तक सताएगी गर्मी फरवरी अंत से महसूस होने लगेंगे तेवर

**रायपुर।** लगातार आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से इस बार राज्य में ठंड का प्रभाव अधिक दिनों तक असर नहीं दिखा पाया। फरवरी भी कुछ इसी तरह से बीतने के आसार हैं और अंत से गर्मी के तेवर महसूस होने लगेंगे, जिसका असर अधिक दिनों तक रहने की संभावना है। होने वाले आसमानी व्यवधान की वजह से राज्य में फरवरी में बारिश की अधिक गतिविधि होने के आसार हैं। मौसम विभाग दिल्ली द्वारा फरवरी को लेकर पूर्वानुमान जारी किया गया है। इसमें अलनीनो का प्रभाव कमजोर होने की स्थिति में मौसम में ज्यादा बदलाव होने के आसार नहीं हैं। हालांकि लगातार आ रहे पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से इस माह बादल छाने और बारिश की गतिविधि अधिक रहने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों का प्रारंभिक अनुमान है कि इस बार राज्य में ठंड की अवधि अधिक समय तक नहीं रही और उत्तरी इलाकों में सीमित दिनों तक कड़ाके की ठंड का असर रहा।

# तीन प्राथमिक स्कूलों के छात्रों ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम कोसरंगी के प्राथमिक, बालक प्राथमिक शाला, कन्या प्रा.शाला एवं नवीन प्राथमिक शाला कोसरंगी द्वारा संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बच्चों द्वारा विभिन्न रंगों से ओत प्रोत पंथी, राउत नाचा, बस्तरिहा नृत्य, नाटक व अन्य प्रेरणदायी प्रस्तुति दी, जिससे दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामेश्वरी साहू, विशिष्ट अतिथि श्रीराम साहू के साथ पंच, ग्रामसभा के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। शाला परिवार की ओर से तीनों प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक एमपी द्विवेदी, एनएल साहू, मीनाक्षी वर्मा के साथ-साथ शिक्षक शिक्षिकाएं सोहद्र भीफोर, सूरत प्यारी ध्रुव, मनीषा साहू, सुनील वर्मा, पंकज निषाद, भुनेश्वर भारतद्वाज उपस्थिति थे। मंच संचालन शिक्षक प्रीतम ठाकुर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रामेश्वरी साहू ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है और प्रोत्साहन मिलता है।

## वार्षिकोत्सव पर छात्रों ने दी आकर्षक प्रस्तुति



**बलौदाबाजार।** पाठशाला इंग्लिश मीडियम स्कूल का प्रथम वार्षिक उत्सव स्कूल परिसर में आयोजित हुआ। समारोह का उद्घाटन अतिथि अशोक जैन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, विजय केसरवानी, डॉ. केके साहू, प्रभाष चंद्र, योगेश पोपट, इंद्रकुमार जैन, कपूरचंद जैन, संस्था प्रमुख अनूप जैन एवं युवराज जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत नौ देवियों के वंदना से की गई। दो से दस वर्ष के नन्हें बच्चों द्वारा विभिन्न मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने अपने प्रदर्शन द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। अतिथियों द्वारा बच्चों एवं स्कूल शिक्षकों के परिश्रम एवं अद्भुत प्रस्तुति की भरपूर सहाना की गई एवं उनके द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया। क्षितीज शर्मा एवं शताक्षी मिश्रा को इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ बालक–बालिका का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ स्कूल प्रबंधन के लिए श्रेया जैन को सम्मानित किया गया। समारोह प्राचार्य पूजा जैन ने कहा आज का हमारा थिम रिश्तों पर आधारित 'जाने अनजाने रिश्ते' था, जिसमें हम गीत के माध्यम से बच्चों को रिश्तो, मां–बाप, भाई–बहन, दादा–दादी के अलावा प्रकृति, खान–पान, पैसे से हमारा रिश्ता कैसा होना चाहिए ये बताने की कोशिश की गई है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी ने की दुकान में चोरी

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक मोबाइल रिपेयर कारोबारी ने अपनी दुकान के कर्मचारी के खिलाफ दो कीमती मोबाइल के 65 हजार रुपए के इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पंडरी स्थित आलआई मोबाइल रिपेयर शॉप के संचालक सिद्धांत केशरवानी ने शुभम महावार के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सिद्धांत ने पुलिस को बताया है कि उनके मोबाइल रिपेयर शॉप में बनने के लिए आए दो मोबाइल के महंगे पार्ट्स को उसके कर्मचारी ने चोरी कर लिया।

### पारिवारिक जमीन की बात को लेकर मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाने में पारिवारिक जमीन में घेराबंदी करने की बात को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मेजर सिंह ने अपने भाई संतोष सिंह के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मेजर ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी पारिवारिक जमीन में घेराबंदी कर रहा था। इस बात को लेकर संतोष ने अपने बड़े भाई मेजर के साथ मारपीट की।

### अकारण महिला पर हमला

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ अपनी पत्नी के सिर पर पत्थर से हमला कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी मुकेश कुमार क्षत्रिय ने अपनी पत्नी पर हमला होने की शिकायत दर्ज कराई है। मुकेश ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी किसी काम से सिविल लाइंस स्थित आकाशवाणी चौक गई थी। इसी दौरान रोड में आने-जाने वाले लोगों के साथ गाली-गलौज कर रहे अज्ञात ने उसकी पत्नी के सिर पर पत्थर से वार कर उसका सिर फोड़ दिया।

### राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगित 11 को

**रायपुर।** बसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर 66वां सरस्वती जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इसी दौरान 11 फरवरी को महंत लक्ष्मीनारायण दास स्मृति में राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सरस्वती क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति पुरानी बस्ती द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष रमेश यदु ने देते हुए बताया कि कुश्ती निशुल्क होगी। विजयी पहलवानों को टाइटल, मोमेंटो, नगद राशि एवं आकर्षक ईनाम प्रदान किए जाएंगे।

### बढ़ी तारीख के प्रथम दिन सिर्फ दो हजार क्विंटल धान की खरीदी

**महासमुंद।** बढ़ी हुई तारीख के लिए आदेश जारी होने में देरी के कारण किसानों को पर्याप्त टोकन जारी नहीं किया जा सका। जिसके कारण समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान के लिए बढ़ी हुई तारीख के पहले दिन सिर्फ दो हजार क्विंटल धान ही खरीदा जा सका। जबकि, अभी भी 6489 पंजीकृत किसान अब तक एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं। बता दें कि खरीफ सीजन के धान को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए एक नवंबर से 31 जनवरी तक तारीख तय की गई थी। लेकिन, विधानसभा चुनाव और बारिश के कारण जिले सहित प्रदेश के हजारों किसान तय तिथि तक धान बेचने से वंचित हो गए थे। जिसके कारण धान खरीदी की तिथि चार दिन और बढ़ा दिया गया है। अब सरकारी दर पर 4 फरवरी तक धान खरीदा जाएगा।

## अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में समस्याओं की पहचान कर उपाय का लिया गया निर्णय

# वन विनाश, जीवाश्म ईंधन, उद्योगों के प्रदूषण है जलवायु परिवर्तन के मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की पहल से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमपी महिस्वर के मार्गदर्शन में स्थानीय सीएमएचओ सभाकक्ष में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अंतर्विभागीय समन्वय के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त वन, पंचायत, पशु चिकित्सा, मितानिन कार्यक्रम, बिजली विभाग, भूमि रेकॉर्ड, सीमेंट प्लांट के प्रतिनिधि एवं सरपंच भी उपस्थित थे। बैठक में राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र से पुनीता कुमार ने अपनी बात रखी। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है जो वन विनाश, जीवाश्म ईंधन, उद्योगों के प्रदूषण जैसे कारणों से हो रहा है, जिसका प्रभाव ग्रामीण और शहरी दोनों ही स्तरों पर आम जनजीवन में दुष्परिणामों के रूप में दिखाई पड़ रहा है। इससे न केवल मानव स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि कृषि, हवा, मृदा, जल पर भी हानिकारक परिणाम उभर रहे हैं। हाल के वर्षों में वर्षा और मौसम के पैटर्न में बदलाव, फसल में कमी, जानवरों के व्यवहार में परिवर्तन, आकाशीय बिजली, सर्पदंश आदि में वृद्धि देखी जा रही है, जिसके पीछे कहीं न कहीं जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार माना जा सकता है। इस प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए अलग–अलग विभागों व क्षेत्र से स्वास्थ्य विभाग द्वारा समन्वय स्थापित कर कार्य करने की आवश्यकता को देखते हुए जिला टास्क फोर्स की इस बैठक में कार्ययोजना बनाये जाने पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अभिजीत बनर्जी के अनुसार इस बैठक के बाद विभिन्न विभागों द्वारा जलवायु परिवर्तन से उनके क्षेत्र में होने वाले प्रभाव की पहचान कर उसमें स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में पंचायत और वन विभाग से अपील की गई कि वह पौधारोपण में सहयोग करें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा, जिला तम्बाकू सलाहकार डॉ. विनोद पटेल उपस्थित थे।

## बछौडीह में मनी गुरु घासीदास जयंती



**गोपालपुर।** ग्राम बछौडीह में तीन दिवसीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का समापन हुआ। इसमें रात्रि कालीन में पंथी पार्टी ने मंगल भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसका श्रोताओं ने रातभर आनंद उठाया। पंथी पार्टी में प्रथम ईनाम 7000 सरगम पंथी पार्टी सलोनी कला, द्वितीय ईनाम 5000 चमत्कार पंथी पार्टी दूरुग, तृतीय ईनाम 3000 सत्य के अंजोर पंथी पार्टी गुरु कला, चतुर्थ 1001 बालिका डांस पंथी पार्टी दुम्हानी, पंचम ईनाम 901 बालिका डांस पंथी पार्टी पीसौद, छठवा ईनाम 801 गुजिया बोर, सातवां इनाम 301 बालिका डांस पंथी पार्टी झुमका, आठवां इनाम 301 बालिका डांस पंथी पार्टी बछौर डीह। इसी प्रकार मंगल भजन में ईनाम रखा गया। प्रथम ईनाम 2001 कंचन कुटे फलोदी, द्वितीय ईनाम 1501 झंकार लोक कला मंच गिरसा, तृतीय ईनाम 1001 राम बाई मधुकर छोटे बरेली, चतुर्थ ईनाम 701 नर्मदा गाय दरहा को दिया गया। उक्तकार्य क्रम को सफल बनाने में लाला भारती सरपंच, प्रहलाद भारती, छतराम भारतीय, ज्ञान दास भारतीय, पुकराम बंजारे, दारा सिंह बंजारे एवं भजन दास, लीला राम का सहयोग रहा।

## केसदा में महिला विकास भवन का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

एपीएल अपोलो फाउंडेशन द्वारा ग्रामीण विकास के लिए ग्राम केसदा में 10 लाख रुपए की लागत से महिला विकास भवन का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए प्रबंधक संतोष राय की उपस्थिति में पंचायत पदाधिकारियों की उपस्थिति में पंच योगेश्वर वैष्णव ने भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर सरपंच किरण ध्रुव, उप सरपंच श्याम कश्यप सहित एपीएल अपोलो के मुकेश सिंह, समाज सेवक रतिराम धृतलहरे सहित पूर्व सरपंच संतराम वर्मा, सचिव मधू नायक, सुमित्र वर्मा, रोहिणी वर्मा, सेवती साहू, अंजू देवांगन, तिजिया निर्मलकर सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे। भूमिपूजन के पश्चात प्रबंधक संतोष राय ने बताया कि ग्रामीण विकास के तहत एपीएल अपोलो फाउंडेशन अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रहा है, जिसमें ग्राम केसदा में महिला विकास भवन, ग्राम रिंगनी में संस्कृतिक भवन तथा दोनों ही गांव में हाई मास्क लाइट लगायी जाएगी। इसकी लागत 8 लाख होगी, जिसका वहन एपीएल अपोलो के उज्वल योजना के तहत होगा। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि विद्या ज्योति योजना के तहत विद्यार्थियों के विद्या अध्ययन के लिए ग्राम केसदा के मिडिल स्कूल में सत्र 23–24 के लिए पांच मानसेवी शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। पांचों शिक्षकों का मानदेय संयंत्र द्वारा प्रदान किया जाता है। साथ ही भविष्य में भी अन्य शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। ग्राम झिरिया में भी एक सामुदायिक सांस्कृतिक भवन का निर्माण किया जाएगा।

## आदमी को अपना लक्ष्य पूरा करने कठिन परिश्रम करना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



- निःशुल्क पेन वितरण कर गरीब बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा लिया ठेकेदार ने

अपने अतीत से परिपक्व ठेकेदार जवाहर लाल वर्मा ने गरीबों बच्चों के शिक्षा स्तर को आगे बढ़ाने में सहयोग करने की ठान ली है।

उन्होंने कहा- कड़ी मेहनत का कोई मोल नहीं है। हर इंसान यह चाहता है कि वह अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। इसके लिए वह प्रयास करता है, लेकिन बहुत से लोग बिना प्रयास के ही सफलता प्राप्त करना चाहते हैं। यह सिर्फ एक दिवास्वप्न है जो की पूरा नहीं हो सकता। आदमी को अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करना ही होगा। चाहे वह विद्यार्थी हो अथवा उद्योगपति। यह मंत्र सभी के लिए समान रूप से लागू होता है। इसका कोई शार्टकट नहीं है। हो सकता है कि शुरूआत में किसी प्रकार की आरंभिक सफलता किसी को मिल जाए, लेकिन यदि सतत सफलता चाहिए तो उसके लिए प्रयास करना ही होगा। इससे बचा नहीं जा सकता। इसलिए यदि हमें लक्ष्य प्राप्त करना है, तो उसके लिए परिश्रम करना ही होगा। सफलता का यही मूलमंत्र है। उक्त बातें जे टी वाय कंस्ट्रक्शन के संचालक जवाहर लाल वर्मा ने अपनी मेहनत व लगन को हायर सेकंडरी के बच्चों को बताते हुए कहा। उन्होंने इस बीच कक्षा प्राथमिक शाला से लेकर हायर सेकंडरी तक के बच्चों को निःशुल्क पेन वितरण वितरण किया और भविष्य में अति गरीब बच्चे जो पढ़ने में असमर्थ है उन्हें पढ़ाने का जिम्मा भी लिया। वर्तमान में इस तरह की गरीब बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा भी ले रखा है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शासकीय प्राथमिक शाला खैरा (रोहांसी) के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीता बाई निषाद सरपंच ग्राम पंचायत अमेठी, अध्यक्षता केश राम ध्रुव अध्यक्ष खैरा, विशिष्ट अतिथि दिनेश कुमार साहू प्राचार्य उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम आत्मानंद विद्यालय रोहांसी, टीकाराम वर्मा समन्वयक संकुल केंन्द्र रोहांसी, गनपत कुमार लहरे शिक्षक शास.पूर्व माध्य.शाला धमनी के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रधान पाठक पुरसोत्तम लाल यादव,सुरित ध्रुव,ओमप्रकाश यादव, कमलेश, दिनेश, आत्माराम, रामखिलावन वर्मा, भुनेश्वर, अशोक, बंशराम, भिष्मदेव, रामनाथ, सोहागसिंह, दीनदयाल, संतोष ध्रुव सत्या ध्रुव, ममता वर्मा, पूर्णिमा, नंदनी ध्रुव, हेमलता ध्रुव, धनेश्वरी, मिलापा, पम्पा बाई, केंवरा वर्मा, मंच संचालन शिक्षक दिलीप कुमार साहू ने किया। सभी ने बच्चों के कार्यक्रम को सराहा। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेमेंटो एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को मेडल पेन डायरी से सम्मानित किया गया।

## सीमेंट संयंत्र के पूर्व कर्मचारियों का हुआ मिलन समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अंबुजा सीमेंट के पूर्व कर्मचारियों द्वारा अर्जुनी विश्राम गृह में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बलोदाबाजार, भाटापारा, बिलासपुर एवं रायपुर से पूर्व रिटायर कर्मचारी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें अंबुजा सीमेंट कंपनी में पूर्व में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम सौहार्द पूर्ण वातावरण में सपन्न हुआ। मिलन समारोह में मुख्य रूप से रमाशकर सोनी, टीआर बघेल, मंजीत सिंह, आरऐन तिवारी, जीडी साहू, जनक राम साहू व अन्य मित्रगण उपस्थित थे।

## बच्चों में परस्पर भाईचारा एक दूसरे से सामाजिक सहयोग का विकास होता है

# आनंद मेले में बच्चों ने लगाए विभिन्न व्यंजनों के स्टाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



पूर्व माध्यमिक विद्यालय भरुवाडीह कला में आनंद मेला का आयोजन किया गया। आनंद मेला का उद्घाटन शाला विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र निषाद और सरपंच प्रतिनिधि कपिल निषाद ने किया। पहली से आठवीं तक के बच्चों ने कुल 41 स्टाल लगाए, जिसमें इडली, भेल, चना चटपटी, दोसा, गुलगुल भजिया, बड़ा पुरी, डाली नड्डा, आलू चाप, गुपचुप, एग रोल, सेव बूंदी, जलेबी, रसगुल्ला, बालूशाही का स्टाल बच्चों ने सजाए थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलके जाहिरे, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी व्यास नारायण आर्य, बीआरसी एस के शर्मा बच्चों का उत्साह वर्धन करने आनंद मेला में पहुंचे थे। आनंद मेला कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में परस्पर भाईचारा एक दूसरे से सामाजिक सहयोग और आत्मनिर्भरता का विकास होता है। आनंद मेला में मोहरेंगा संकुल समन्वयक, ग्रामवासी, आसपास के स्कूलों के बच्चे व शिक्षक आनंद मेला में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### आत्मानंद में मना वार्षिकोत्सव



**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में वार्षिक उत्सव नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ठ अतिथि शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा, सीएमओ लोन्हारे, सीईओ जनपद, थाना प्रभारी शशांक, नगर पंचायत पलारी सभापति ताजेंद्र कनौजे, टुकेश्वरी वर्मा, पार्षद पुष्पा मोहन बंजारे, पार्षद मूलचंद धीवर, पार्षद प्रतिनिधि मनोज वर्मा के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य त्रिपाठी ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि आप ही है जो छात्रों को ज्ञान देकर उनके भविष्य निर्माण करते हुए उन्हें दिशा बताते हैं। उद्बोधन में बीईओ केएन वर्मा, टीआई सशांक ने भी अपनी अपनी बात रखी। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष ने सभी प्रस्तुति पर बच्चों को प्रोत्साहन राशि प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ दोहा लगाकर, गाना गाया एवं नृत्य भी किए। इस अवसर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, बच्चों के पालक, मातृ शक्ति बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशि:-स्लीपर 18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411